# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

**Hansi Road, Bhiwani- 127021 (HARYANA)**

AISHE CODE: C-  Ph. 01664255118

Website: www.gcwbhiwani.com  Email: gcwbhiwani@gmail.com



my city | भिवानी • हिसार | रविवार • 25.02.2024

अमर उजाला 08

amarujala.com/bhiwani


# कार्टूनिंग व पोस्टर मेकिंग में विनिता प्रथम

## राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में मनाया सांस्कृतिक महोत्सव

संवाद न्यूज एजेंसी

भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में वसंत पंचमी सांस्कृतिक महोत्सव वसंत बयार धूमधाम से मनाया। प्राचार्य त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में संयोजक डॉ. नवनीत व सह-संयोजक प्रो. दीपक के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। कार्टूनिंग में विनिता प्रथम, सविता द्वितीय, संजना तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार पोस्टर मेकिंग में विनिता प्रथम, नगीना द्वितीय, स्वीटी व सविता तृतीय रहीं। वहीं मेहंदी में लवीना प्रथम, हिमानी द्वितीय, शीतल तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम के प्राचार्य डॉ. मंजीत सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि वसंत ऋतु खिलने-खुलने का मौसम होता है। ऐसे उत्सव सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक होने के साथ प्रतिभा निखारने के अवसर भी उपलब्ध कराते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षा व संस्कृति विकास के लिए प्रतिस्पर्धात्मक हर मौके का पूरा लाभ उठाना चाहिए। छात्राओं ने आकर्षक रंगोली-पोस्टर-मेहंदी, मधुर गायन, भावपूर्ण नृत्य, ओजस्वी काव्यपाठ, कार्टून, सेल्फी प्वाइंट, हरियाणवी खाने की व्यवस्था की।

सायंकालीन सत्र में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय बौंदकलां के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने छात्राओं को कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा दी। मंच संचालन डॉ. भामा बाई किया। निर्णायक की भूमिका डॉ. अनिता बिबयान, नीलम महाजन, रविन्द्र, प्रो. धर्मपाल, प्रो. लक्ष्मी, डॉ. कविता, प्रो. ललिता ने निभाई। इस अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. विजेता नरवाल, डॉ. ज्योति, डॉ. रेणु बाला मौजूद रहे।




कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यातिथि का स्वागत करते प्राचार्य त्रिलोक चंद व अन्य। स्वयं

### यह रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में ऋपिता कुमारी ने प्रथम, रेशमा ने द्वितीय, नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग में निकिता ने प्रथम, विनीता ने द्वितीय, स्वीटी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं हिंदी कविता में प्रियंका प्रथम, पूजा द्वितीय, दीक्षा तृतीय रही। इस प्रकार पाश्चात्य एकल गीत में रितिका प्रथम, खुशबू द्वितीय, लाइट म्यूजिक वोकल में पूजा प्रथम, प्रीति द्वितीय, नीतू तृतीय रही। हरियाणवी कविता में अंजलि प्रथम, पूजा द्वितीय, कमल तृतीय, अंग्रेजी कविता पाठ में क्वोलीन प्रथम, अनूसूया द्वितीय, मीना त्रितीय, संस्कृत श्लोक उच्चारण में रितिका प्रथम, प्रियंका द्वितीय, नीतिका तृतीय रही।


स कॉलिंग

RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI
Hansi Road, Bhiwani- 127021 (HARYANA)
AISHE CODE: C- Ph. 01664255118
Website: www.gcwbhiwani.com Email: gcwbhiwani@gmail.com

# राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी में बसंत बयार का आयोजन



**भिवानी, चेतना संवाददाता।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी ने प्राचार्य त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में संयोजक डॉ. नवनीत व सह-संयोजक प्रो. दीपक के कुशल नेतृत्व में ऋतुराज बसंत के स्वागत में अपना बसंत पंचमी सांस्कृतिक महोत्सव %बसंत बयार% धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि राजकीय महिला महाविद्यालय तोशाम के प्राचार्य डॉ. मंजीत सिंह ने विद्यादायिनी मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु खिलने-खुलने का मौसम होता है, यहाँ छात्राओं ने जिस उत्साह से बसंत का स्वागत किया है वह सराहनीय है। ऐसे उत्सव सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक होने के साथ प्रतिभा निखारने के अवसर भी उपलब्ध कराते हैं।प्रत्येक शिक्षार्थी को शिक्षा व संस्कृति विकास के लिए प्रतिस्पर्धात्मक हर मौके का पूरा पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने मंच से सबके उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी प्रेषित किया। छात्राओं ने आकर्षक रंगोली-पोस्टर-मेहंदी, मधुर गायन, भावपूर्ण नृत्य, ओजस्वी काव्यपाठ, कार्टून, सेल्फी प्वाइंट, हरयाणवी खाना आदि से ऐसी व्यवस्था की कि आगंतुक भाव-विभोर हो गए। सांध्य कालीन सत्र में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय बौन्द कला के प्राचार्य डॉ. रिषीपाल ने छात्राओं को कड़ी मेहनत और दृढ़संकल्प के साथ लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा दी व प्रमाण पत्र वितरित किए। समस्त महाविद्यालय कर्मियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI**

**Hansi Road, Bhiwani- 127021 (HARYANA)**

AISHE CODE: C- Ph. 01664255118

Website: www.gcwbhiwani.com Email: gcwbhiwani@gmail.com


# 800 और 200 मीटर दौड़ में अंजू ने मारी बाजी

## राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में हुई 20वीं वार्षिक एथलीट प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

भिवानी। डीसी नरेश नरवाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेना जरूरी है। इससे हमारा सर्वांगीण विकास होता है। डीसी बुधवार को राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में आयोजित 20वीं वार्षिक एथलीट प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि अपना संदेश दे रहे थे।

उन्होंने खेल ध्वज फहराकर व उद्घोषणा कर विधिवत रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान 800 मीटर और 200 मीटर रेस में अंजू प्रथम स्थान हासिल किया। उपायुक्त ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम कमा रही हैं। शिक्षा, चिकित्सा और विज्ञान सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई है। महिलाओं का सशक्त होना जरूरी है। इसमें खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी बड़ी अहम भूमिका निभाता है। जिला प्रशासन का हर संभव प्रयास है कि जिला मुख्यालय पर स्थित भीम खेल परिसर सहित ग्रामीण अंचल तक में खिलाड़ियों को खेलों से संबंधित मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं ताकि यहां के बच्चे दुनिया में अपना नाम रोशन कर सकें। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। इस दौरान 100, 200, 400 और 800 मीटर रेस हुई। इसके अलावा डिस्कस थ्रो व जेवलिन थ्रो, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, ट्रिपल जंप, हेमर थ्रो, साइकिल रेस, लेमन रेस, 100 मीटर बाधा दौड़, वन लेग रेस, म्यूजिक चेयर सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं आयोजन हुआ। इस मौके पर उपायुक्त की धर्मपत्नी प्रो. विजेता नरवाल, डॉ. श्वेता, ईशा चौधरी व रेखा शर्मा तथा छात्राएं मौजूद रहीं।



राजीव गांधी कॉलेज में खिलाड़ियों को सम्मानित करते डीसी नरेश। स्रोत : सूचना विभाग

### ये रहे खेलों के परिणाम

राजीव गांधी महिला महाविद्यालय में 800 मीटर रेस अंजू प्रथम, कल्पना द्वितीय, भास्कर तृतीय, डिस्कस थ्रो में पूजा कुमारी प्रथम, गरिमा द्वितीय, रचना तृतीय, लॉन्ग जंप में कल्पना प्रथम, बिंदिया द्वितीय, अंजू तृतीय, जेवलिन थ्रो में गोरा प्रथम, कल्पना द्वितीय, हिमांशी तृतीय रहीं। वहीं ट्रिपल जंप में कल्पना प्रथम, अंजू द्वितीय, गोरा तृतीय, हाई जंप में कल्पना प्रथम, अंजू द्वितीय, आयुषी तृतीय, 200 मीटर रेस में अंजू प्रथम, कल्पना द्वितीय, हिमांशी तृतीय रहीं। इसी प्रकार 100 मीटर स्लो साइकिलिंग में आरजू प्रथम, हिमांशी द्वितीय, रितिका तृतीय, 100 मीटर लेमन रेस में निकिता प्रथम, श्वेता द्वितीय, काजल तृतीय, 100 मी रिक्रिएशन रेस में श्वेता प्रथम, निकिता द्वितीय, बिंदिया तृतीय, 100 मीटर वन लेग रेस में हिमांशी प्रथम, गरिमा द्वितीय, पायल तृतीय स्थान पर रहीं।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

**Hansi Road, Bhiwani- 127021 (HARYANA)**

AISHE CODE: C- Ph. 01664255118

Website: www.gcwbhiwani.com Email: gcwbhiwani@gmail.com






**RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI**
**Hansi Road, Bhiwani- 127021 (HARYANA)**
AISHE CODE: C- Ph. 01664255118
Website: www.gcwbhiwani.com Email: gcwbhiwani@gmail.com




Principal,
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

# RAJIVGANDHIGOVT.COLLEGEFORWOMEN BHIWANI

HANSIROAD,BHIWANI-127021(HARYANA)

AISHECode: -C-28016PhoneNo01664-255118

Website:-www.gcwbhiwani.ac.in Email:-gcwbhiwani@gmail.com

RAJIVGANDHIGOVT.COLLEGEFORWOMEN BHIWANI

HANSIROAD,BHIWANI-127021(HARYANA)

AISHECode: -C-28016PhoneNo01664-255118

Website:-www.gcwbhiwani.ac.in Email:-gcwbhiwani@gmail.com



**BADMINTON COURT IN AUDITORIUM**




**TREAD MILL**